आपदाओं से बचने के लिए दिया प्रशिक्षण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बहरोड़. कस्बे के धर्मचंद गांधी जैन राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को जिला कलक्टर के आदेशानुसार आमजन और स्काउट, एनसीसी व आरएसएस के विद्यार्थियों और स्टाफ को विभिन्न आपदाओं से जागरूक करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें अलवर से आई आपदा प्रबंधन टीम ने विभिन्न आपदा की स्थिति में स्काउट, एनसीसी व आरएसएस के विद्यार्थियों सहित स्टॉफ को बिना संसाधनों के अपनी और दूसरों की जिंदगी बचाना सिखाया।

प्रशिक्षण शिविर में कोरोना महामारी के दौरान सरकार द्वारा जनता से कोरोना बचाव के लिए बताई जा रही गाइडलाइन का पालन करने के लिए आग्रह कर रही हैं। इसी के साथ जनता द्वारा गाइडलाइन का पालन भी किया जा रहा है। यह भी एक आपदा ही है, जिससे सरकार हमें बचाने का प्रयास कर रही है। इसी बीच प्रशिक्षक रामेश्वर दयाल ने बताया कि जिला कलक्टर के आदेश पर मंगलवार को धर्मचन्द गांधी जैन राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को जिला कलक्टर के आदेशानुसार

बहरोड़. शिविर में संभागियों को प्रशिक्षण देती रेस्क्यू टीम।

आमजन और स्काउट, एनसीसी व आर. एस. एस. के विद्यार्थियों और स्टाफ को विभिन्न आपदाओं से जागरूक करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। आपात, प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदा के दौरान बचाव में काम आने वाले उपयों जैसे आगजनी,प्राथमिक चिकित्सा, बहुमंजिला इमारतों में अग्निशमन उपायों, सुरक्षित उतरने, पानी बहते हुए लोगों को निकालना, अंधड़ के समय बचाव का पीपीटी प्रजेंटेशन दिया। एक दिवसीय शिविर का मु य उद्देष्य बिना संसाधन के आने वाली विभिन्न आपदाओं से आमजन को बचाने के उपाय बताना है।

रेस्क्यू टीम भी प्रशिक्षण शिविर में पहुंची: वहीं आगे प्रशिक्षक रामेश्वर दयाल ने बताया कि प्रशिक्षण में हमारी आपदा प्रबंधन टीम अलवर मय रेस्क्यू यहां आए हैं हम इन छात्र छात्राओं को यह बताना चाहते हैं कि प्राकृतिक आपदा हो या मानव जनित आपदा हो तब बिना संसाधन के अपना और आमजन का कैसे बचाव किया जा सकता है। साथ जैसी भी आपदा होती है उसमें बिना संसाधन के आमजन की रक्षा कैसे कर सकते हैं। जैसे आगजनी के समय, रस्सों के द्वारा ऊपर से कैजुअल्टी उतारना आदि सभी प्रकार की आपदाओं की जानकारी दी गई है।